News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-190
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
ये दुनिया है यहाँ सबको सब कुछ नजर आता है, सिवाय अपनी गलतियों के!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## दशहरे की रात प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी और हो गया कत्ल



**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद में प्रेम प्रसंग में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे- 83 को घंटों जाम कर जमकर बवाल काटा। इस दरम्यान मृतक के परिजनों और पुलिस के बीच नोक-झोंक भी हुई। घटना नगर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल मोड़ के समीप की है। दरअसल, भेलावर ओपी अंतर्गत भरथूआ गांव निवासी संजीत कुमार का अफेयर गांव की एक लड़की से चल रहा था, जो दशहरे की रात मिलने के लिए उसके घर गया था। इस बात की भनक लड़की के परिजनों को लग गई और लड़का मौका देख वहां से भाग निकला।

खोजबीन के बाद नहीं मिला युवक
गांव में हंगामा होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन लड़के का कही पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना भेलावर ओपी की पुलिस को दी। इस बीच, शहर के बत्तीस भावरियां के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला, जिसे पुलिस ने अज्ञात शव समझकर पोस्मार्टम कराया। आज शव की पहचान गायब युवक संजीत कुमार के रूप में हुई। शव की पहचान होते ही परिजन आक्रोशित हो गए और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पोस्टमार्टम रूम के समीप सड़क को जाम कर दिया।

युवक का किसी से विवाद नहीं था
जाम को हटाने को लेकर ट्रैफिक डीएसपी नवनीत कुमार और भेलावर ओपी अध्यक्ष दुर्गा नंद मिश्रा को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मृतक के परिजनों ने बताया कि संजीत कुमार का किसी से कोई विवाद नहीं था। दशहरे की रात गांव में एक लड़की से मिलने गया था। लड़की के घरवालों को इसकी भनक लग गई। इसे लेकर दोनों के घरवालों के बीच झगड़ा भी हुआ। परिजनों का आरोप है कि लड़की के परिजनों ने उसका अपहरण कर हत्या कर दिया गया है और साक्ष्य छुपाने के मकसद से शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया।

**गांव की लड़की से चल रहा था अफेयर**
परिजनों का आरोप है कि लड़की के परिजन काफी दबंग, रसूखदार होने के साथ पुलिस प्रशासन में काफी पकड़ रखते हैं। वहीं, ग्रामीणों की मानें तो मृत युवक का गांव के ही एक लड़की से अफेयर था और परिजनों को इसकी भनक लगते ही युवक को अपहरण कर रास्ते ही हटा दिया गया। इधर, ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि शव की पहचान होने के बाद परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना में शामिल किसी भी अपराधी को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

## मुजफ्फरपुर में दुर्गा पूजा विसर्जन के वक्त दो पक्षों में हिंसा

### हमला-तोड़फोड़ से अफरा-तफरी; पुलिस तैनात



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में दुर्गा पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान एक विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। इसके बाद सोमवार को जिले के सिकंदरपुर थानाक्षेत्र के लकड़ी ढाई स्थित कोठी मोहल्ला में हिंसा भड़क उठी। बताया जा रहा है कि रविवार रात मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद के बाद सोमवार को दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए और कई वाहनों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, लगभग दो दर्जन लोग लाठी-डंडों से लैस होकर मोहल्ले में पहुंचे और जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान शरारती तत्वों ने आधा दर्जन से अधिक बाइक और कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही, चाकू से हमला करते हुए कई लोगों को घायल किया। शिवम कुमार नामक एक छात्र को चाकू लगने से गंभीर चोटें आईं, जिसका स्थानीय अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आक्रोशित लोगों ने इस घटना के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिकंदरपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने लोगों को शांत कराया और इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि आगे कोई अप्रिय घटना न हो। फिलहाल, पुलिस शरारती तत्वों की पहचान करने और मामले की जांच में जुट गई है। अब तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की टीम मौके पर कैंप कर रही है। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। कहा जा रहा है कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दिवाली-छठ पूजा में शुरू हुई यह स्पेशल ट्रेनें

## दिल्ली से पटना, बरौनी और जयनगर, कर लो बुकिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर दिल्ली से बिहार के कई शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है,

जो 24 अक्तूबर से 6 नवंबर के बीच चलेंगी. ये ट्रेनें कई स्टेशनों में रुकते हुए जाएंगी. इससे बिहार और उत्तर प्रदेश के तमाम शहरों के लोगों को त्योहार में घर जानें में सुविधा होगी. पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के सरस्वती चंद्र के अनुसार ट्रेन नंबर 02250/02249 दिल्ली-पटना-दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस चलाई जाएंगी. ट्रेन नंबर 02250 दिल्ली-पटना सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 24 एवं 31 अक्टूबर को दिल्ली से चलकर गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर रुकते पटना जं. पहुंचेगी. वापसी में, 02249 पटना-दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस पटना से 25 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर को पटना से चलकर इन्हीं स्टेशनों पर रुकते हुए दिल्ली आएगी.

**दिल्ली-बरौनी-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल**
ट्रेन नंबर 04054/04053 नई दिल्ली-बरौनी-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल चलाई जाएगी. ट्रेन नंबर 04054 नई दिल्ली-बरौनी फेस्टिवल स्पेशल 27, 30 अक्टूबर, 02 एवं 05 नवम्बर नई दिल्ली से चलकर, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा रुकते हुए बरौनी पहुंचेगी. वापसी में 04053 बरौनी-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल 28 एवं 31 अक्टूबर, 03 एवं 06 नवम्बर, को बरौनी से चलकर उन्हीं स्टेशनों पर रुकते हुए दिल्ली पहुंचेगी.

ट्रेन नंबर 04052/04051 नई दिल्ली-जयनगर-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल चलाई जाएगी. 04052 नई दिल्ली-जयनगर फेस्टिवल स्पेशल 26, 29 अक्टूबर, 01 एवं 04 नवम्बर को नई दिल्ली से चलकर, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा रुकते हुए जयनगर पहुंचेगी. वापसी में, गाड़ी सं. 04051 जयनगर-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल 27 एवं 30 अक्टूबर, 02 एवं 05 नवम्बर, को जयनगर से चलकर उन्हीं स्टेशनों में रुकते हुए दिल्ली पहुंचेगी.

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ी

## अब मिलेगा Z कैटेगरी का कवर

## IB के अलर्ट के बाद बदलाव



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा में बदलाव किया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास गुट) के प्रमुख को गृह मंत्रालय ने ' कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इससे पहले चिराग को स्स्क्के कमांडो की सुरक्षा मिली हुई थी। हालांकि, जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी मिलने के साथ ही अब उन्हें CRPF के जवान सुरक्षा देंगे। दरअसल, ये बदलाव ढ्ढक्च की थ्रेट रिपोर्ट के बाद किया गया है। भारत में गृह मंत्रालय किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा देने का निर्णय लेता है।

**सुरक्षा में तैनात रहेंगे 33 गार्ड**
चिराग पासवान की सुरक्षा में कुल 33 सुरक्षागार्ड तैनात रहेंगे। इनके साथ ही 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड वीआईपी के घर पर रहेंगे। इसके अलावा 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ, तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के 12 कमांडो, वाचर्स शिफ्ट में 2 कमांडो और 3 ट्रेंड ड्राइवर राउंड द क्लॉक मौजूद रहेंगे। चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय हालिया घटनाओं के आधार पर लिया गया है।

' कैटेगरी सुरक्षा में विशेष प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती होती है। यह सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहती है। हाल ही में चिराग पासवान की राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। उनकी पार्टी और समर्थकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

**जानें कितनी तरह की हैं सुरक्षा श्रेणियां**
भारत सरकार की ओर से देश के कुछ लोगों को सिक्योरिटी दी जाती है। मुख्य तौर पर गृह मंत्रालय की ओर से X, Y, Y Plus, Z, Z Plus सिक्योरिटी दी जाती है। इसके अलावा एक एसपीजी सिक्योरिटी होती है, जो सिर्फ देश के प्रधानमंत्री को मिली है। एसपीजी एक अलग फोर्स की तरह है, जो सिर्फ प्रधानमंत्री को कवर करती है। यह देश में सुरक्षा श्रेणियों का उच्चतम स्तर है। कुछ स्थितियों में पीएम के परिवार को भी इसी सुरक्षा घेरे में रखा जाता है।

### मुजफ्फरपुर में युवक की हत्या

## परिजन बोले- इस विवाद के कारण दोस्तों ने पीट-पीटकर मार डाला

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सोमवार देर रात एक ऑटो चालक की हत्या कर दी गई। घटना जिला के राजेपुर थाना क्षेत्र के कथौलिया गांव की है। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में हुई है।

परिजनों ने हत्या का आरोप संदीप के दोस्तों पर लगाया है। आरोप लगाया कि संदीप के दोस्तों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी फिर फरार हो गए। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

आरोपियों की तलाश में छापेमारी चल रही है
मामले में राजेपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि एक युवक की मौत उसके दरवाजे पर होने की सूचना मिली है। वह शहर में रहकर टोटो चलाने का काम करता था। गांव के कुछ युवक भी टोटो चलाने का काम करते हैं।

घटना से पहले कुछ घंटे पूर्व भी विवाद होने की बात सामने आई है। कुछ लेनदेन के विवाद की भी चर्चा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। परिजन का बयान लिया गया है। आरोपियों की तलाश में छापेमारी चल रही है।

पड़ोस में रहने वाले दोस्तों ने मारपीट की थी
परिजनों का कहना है कि वारदात से कुछ घंटे पहले संदीप के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले दोस्तों ने मारपीट की थी। सोमवार शाम को वह ऑटो लेकर घर आया था। रोजाना की तरह वह खाना खाकर घर के दरवाजे पर सो गया। मारपीट जब हुई तो दो-तीन लोग वहां मौजूद थे। जब तक हमलोग दौरे आरोपी फरार हो गए। संदीप की अत्यधिक खून बहने से मौत हो गई है। परिजन हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## गोपालगंज में मिले डेंगू के तीन और संदिग्ध मरीज, कुल संख्या हुई 13, तीनों को किया गया रेफर




**गोपालगंज।** गोपालगंज के भोरे में डेंगू काफी तेजी से पांव पसार रहा है। फॉगिंग के बाद भी मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को हुई जांच में डेंगू के तीन संदिग्ध मरीज पाए गए। तीनों को गोपालगंज रेफर कर दिया गया। तीन मरीज मिलने के बाद अब भोरे में मरीजों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इससे पहले तीन और मरीजों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जबकि भोरे थाना के सात पुलिसकर्मियों को डेंगू ग्रसित बताया गया था। हालांकि एलिजा जांच की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। वहीं, दूसरी तरफ निजी क्लीनिक भी ऐसे मरीजों से भरे पड़े हैं।

**भोरे में तेजी से पांव पसार रहा है डेंगू**
जानकारी के मुताबिक, भोरे में डेंगू के मच्छर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इसका नतीजा है कि अभी तक कुल 13 संदिग्ध मरीज पाए गए हैं, जिनमें भोरे थाना के सात लोग हैं। पूरा मामला सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की पहल पर फॉगिंग का कार्य शुरू कराया गया। लेकिन उसके बाद भी मरीज के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। हालांकि इससे पहले जिन मरीजों की एनएस 1 रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उनकी एलिजा रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है।

मीडिया में डेंगू की खबर प्रकाशित होने के बाद भोरे रेफरल अस्पताल में जांच की प्रक्रिया में तेजी लाई गई। सोमवार को अस्पताल में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की जांच की गई, जिनमें तीन लोगों की एनएस 1 रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनमें भोरे की माया देवी, उमेश कुमार और राम प्रसाद भगत शामिल हैं। इन तीनों को बेहतर इलाज के लिए गोपालगंज रेफर किया गया है।

**साफ पानी में पनपता है डेंगू का मच्छर**
डेंगू का लारवा साफ पानी में ही पनपता है। इस संबंध में अस्पताल के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि डेंगू का इलाज उसका बचाव है। अगर आप अपने घरों के आसपास पानी को जमा नहीं होने देंगे, गंदगी नहीं रहने दें, तो डेंगू के मच्छर नहीं बन पाएंगे। अगर डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है तो पैनिक होने की जरूरत नहीं है। अस्पताल में उसका इलाज है। उन्होंने कहा कि आम लोग अपने घरों के आसपास ध्यान दें कि पानी जमा न हो, कूलर में अगर पानी रखा है तो उसे समय-समय पर बदलते रहे या खाली कर दें।

वहीं, रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रिशु कुमार ने बताया कि तीन मरीजों की एनएस 1 रिपोर्ट पॉजीटिव आई है, उन्हें गोपालगंज रेफर किया गया है।